# भारतीय जनता पार्टी

## (केंद्रीय कार्यालय)

6A, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

11 जून 2023, रविवार

**केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह द्वारा श्री नरेन्द्र मोदी सरकार के 9 सफल वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में विशाखापत्तनम, आंध्र प्रदेश में आयोजित रैली में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिंदु**

**देश की जनता ने 2024 में लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के हाथों में देश की बागडोर सौंपने का मन बना लिया है। मैं आज आंध्र प्रदेश की जनता से विनम्र निवेदन करने आया हूँ कि आप भी आंध्र प्रदेश से 20 से अधिक लोक सभा सीटें भाजपा की झोली में डालिये और देश भर में जारी विकास यात्रा के सहभागी बनिए।**

**********************

**आंध्र प्रदेश में जगन मोहन रेड्डी सरकार ने चार साल में भ्रष्टाचार, घपले-घोटाले के अलावे कुछ भी नहीं किया है। जगन मोहन रेड्डी जी के शासनकाल में वाइजैग असामाजिक तत्वों का अड्डा बन गया है। भूमि घोटाला, रेत खनन घोटाला, नकली दवाओं का व्यापार सत्ताधारी पार्टी के संरक्षण में हो रहा है।**

**********************

**मोदी सरकार द्वारा 10 करोड़ से अधिक किसानों को हर साल पीएम किसान सम्मान निधि के तहत 6-6 हजार रुपये सीधे उनके बैंक एकाउंट में भेजे जाते हैं और यहाँ के मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी, मोदी जी की इस योजना को रायतु भरोसा स्कीम का नाम देकर इसे अपनी योजना बता रहे हैं।**

**********************

**देश के लगभग 80 करोड़ लोगों तक पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत पांच किलो चावल या गेहूं और एक किलो दाल पहुंचाया जा रहा है। जगन रेड्डी जी चावल पर भी अपना फोटो चमका कर ऐसा संदेश दे रहे हैं मानो वे गरीबों को मुफ्त अनाज दे रहे हैं।**

**********************

**2009 से 2014 तक आंध्र प्रदेश को टैक्स डिवोल्यूशन और ग्रांट इन ऐड लगभग 78 हजार करोड़ रुपये मिलता था जबकि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने इसे बढ़ा कर 2.30 लाख करोड़ रुपये कर दिया। इस हिसाब से आंध्र प्रदेश को लगभग 5 लाख करोड़ रुपये मिले लेकिन ये पैसा जगन मोहन रेड्डी जी के कैडर के भ्रष्टाचार की बलि चढ़ गया।**

**********************

**आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने आजादी के अमृतकाल में नया संसद भवन देश को समर्पित किया है और उसमें भारतीय संस्कृति और इतिहास की विरासत के प्रतीक सेंगोल को स्थापित किया है।**

**********************

**पहले आंध्र प्रदेश में लगभग 4,000 किमी नेशनल हाइवे था जबकि पिछले 9 वर्षों में इसे बढ़ा कर लगभग 9,000 किमी तक पहुंचा दिया गया है। इस पर लगभग 3 लाख करोड़ रुपये का खर्च आया है। सिकंदराबाद से विशाखापत्तनम और सिकंदराबाद से तिरुपति, दो वंदे भारत ट्रेन आंध्र प्रदेश को मिला है।**

**********************

**450 करोड़ रुपये खर्च कर विशाखापत्तनम रेलवे स्टेशन को भव्य बनाया गया है। कुरनूल एयरपोर्ट ऑपरेशनल हो गया है। काकीनाडा, विशाखापत्तनम, अमरावती और तिरुपति को स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित किया जा रहा है। विशाखापत्तनम और अनंतपुर में दो मल्टीपर्पस लॉजिस्टिक पार्क बनाए जा रहे हैं। काकीनाडा में एक बल्क ड्रग पार्क की मंजूरी दी गई है।**

********************

**मोदी सरकार ने तिरुपति में IIT, विशाखापत्तनम में IIM, मंगलागिरी में AIIMS, टडेपल्लिगुदम में NIT, श्रीसिटी में ट्रिपल आईटी, तिरुपति में IISER, अनंतपुर में सेन्ट्रल यूनीवर्सिटी, विजयनगरम में ट्राइबल यूनीवर्सिटी, काकीनाडा IIFT और तीन नए मेडिकल कॉलेज दिए हैं।**

********************

**प्रधानमंत्री जी ने धान की एमएसपी 1,400 रुपये प्रति क्विंटल से बढ़ा कर 2,060 रुपये तक पहुंचाया है। करोड़ों लोगों के बैंक एकाउंट खुले, गरीबों के घर बने और हर घर में बिजली, पानी, गैस, शौचालय और आयुष्मान भारत का कार्ड पहुंचाया गया है।**

********************

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह ने आज रविवार को विशाखापत्तनम, आंध्र प्रदेश के वॉल्टेयर रेलवे ग्राउंड में आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार के 9 सफल वर्ष पूरे होने के अवसर पर आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित किया और श्री नरेन्द्र मोदी सरकार की उपलब्धियों पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम में राज्य सभा सांसद श्री वी मुरलीधरन, पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव श्रीमती डी पुरंदेश्वरी, अविभाजित आंध्र प्रदेश के अंतिम मुख्यमंत्री श्री किरण कुमार रेड्डी, श्री सुनील देवधर, राज्य सभा सांसद श्री जीवीएल नरसिम्हा राव और श्री सी एम रेड्डी सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता भी उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार के 9 वर्ष पूरे हुए हैं। इसी के उपलक्ष्य में भाजपा कार्यकर्ता पूरे देश में जाकर देश की जनता का धन्यवाद कर रहे हैं।

श्री शाह ने कहा कि कांग्रेस की यूपीए सरकार के 10 सालों में लगभग 12 लाख करोड़ रुपये के घपले-घोटाले हुए लेकिन श्री नरेन्द्र मोदी सरकार पर भ्रष्टाचार का एक भी आरोप नहीं लगा। **यहाँ वाईएसआर की जगन मोहन रेड्डी सरकार चल रही है और इस सरकार ने चार साल में भ्रष्टाचार, घपले-घोटाले के अलावे कुछ भी नहीं किया है। जगन मोहन रेड्डी जी के शासनकाल में वाइजैग असामाजिक तत्वों का अड्डा बन गया है। भूमि घोटाला, रेत खनन घोटाला, नकली दवाओं का व्यापार सत्ताधारी पार्टी के संरक्षण में हो रहा है।**

जगन मोहन रेड्डी सरकार पर हमलावर होते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा कि **जगन मोहन रेड्डी की सरकार किसानों की हितैषी सरकार होने का दावा कर रही है लेकिन देश में किसानों की आत्महत्या में आंध्र प्रदेश आज तीसरे स्थान पर है। जगन मोहन रेड्डी जी, आपको शर्म आनी चाहिए। देश के 10 करोड़ से अधिक किसानों को हर साल पीएम किसान सम्मान निधि के तहत 6-6 हजार रुपये सीधे उनके बैंक एकाउंट में भेजे जाते हैं और यहाँ के मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी, मोदी जी की इस योजना को रायतु भरोसा स्कीम नाम देकर इसे अपनी योजना बता रहे हैं। कोरोना काल से अब तक देश के लगभग 80 करोड़ लोगों तक पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत पांच किलो चावल या गेहूं और एक किलो दाल पहुंचाया जा रहा है। जगन रेड्डी जी चावल पर भी अपना फोटो चमका कर ऐसा संदेश दे रहे हैं मानो वे गरीबों को मुफ्त अनाज दे रहे हैं जबकि इसे मोदी जी भेज रहे हैं।**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **बीते 9 वर्षों में आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश को बाह्य एवं आंतरिक रूप से सुरक्षित किया है।** पहले की सरकारों में पाक प्रेरित आतंकियों को भारत में हमला करने की आदत पड़ गई थी। कांग्रेस की सरकारों के दौरान जब आतंकी हमले होते थे तो सरकार के कानों पर जूं तक नहीं रेंगती थी। मनमोहन सरकार में हिम्मत नहीं थी कि

कुछ कर सके। पाक प्रेरित आतंकवादियों ने उरी और पुलवामा में भी हमला किया लेकिन वे भूल गए कि इस बार भारत में श्री नरेन्द्र मोदी जी प्रधानमंत्री हैं। **आदरणीय प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा से हमारे जवानों ने सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक करके दुश्मनों का सफाया किया।** आज दुनिया मानती है कि भारत अपनी सीमाओं की सुरक्षा के लिए किसी भी कदम तक जा सकता है। **धारा 370 को हटाने की किसी ने कल्पना भी नहीं की थी लेकिन आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने निर्णायक कदम उठाते हुए धारा 370 को ख़त्म किया और जम्मू-कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बनाया।**

श्री शाह ने कहा कि **प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने दुनिया में भारत के गौरव को प्रतिस्थापित किया है और देश के मान-सम्मान को प्रतिष्ठित किया है।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी दुनिया में जहां भी जाते हैं, वहां लोग उनसे मिलने के लिए लालायित रहते हैं, उनके सम्मान में नारे लगते हैं, उनका अभूतपूर्व सम्मान होता है। उनका यह सम्मान देश के 140 करोड़ नागरिकों का सम्मान है।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने पिछले नौ साल में गरीबों के लिए कई काम किए हैं। हर गरीब को पक्का घर दिया है। उज्जवला योजना के तहत 9.5 करोड़ गरीब महिलाओं को गैस सिलिंडर दिया है। प्रधानमंत्री जी ने 10 करोड़ से ज्यादा गरीबों के घर में आजादी के 70 साल बाद पहली बार शौचालय पहुंचाया है। सौभाग्य योजना के माध्यम से हर घर में बिजली पहुंची है।** आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने देश के लगभग 55 करोड़ लोगों को आयुष्मान भारत का कवच दिया है। **प्रधानमंत्री जी ने धान की एमएसपी 1,400 रुपये प्रति क्विंटल से बढ़ा कर 2,060 रुपये तक पहुंचाया है। प्रधानमंत्री जी ने 220 करोड़ मुफ्त कोविड-रोधी डोज देशवासियों को सुरक्षित किया है।**

श्री शाह ने कहा कि **आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने बीते 9 साल में आंध्र प्रदेश के विकास के लिए कई काम किये हैं। 2009 से 2014 तक आंध्र प्रदेश को टैक्स डिवोल्यूशन और ग्रांट इन ऐड लगभग 78 हजार करोड़ रुपये मिलता था जबकि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने इसे बढ़ा कर 2.30 लाख करोड़ रुपये कर दिया है। इस हिसाब से बीते 9 सालों में आंध्र प्रदेश को लगभग 5 लाख करोड़ रुपये मिले लेकिन ये पैसा कहाँ गया? आंध्र प्रदेश में विकास हुआ है क्या? ये पैसा जगन मोहन रेड्डी जी के कैडर के भ्रष्टाचार की बलि चढ़ गया है।**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **पहले आंध्र प्रदेश में लगभग 4,000 किमी नेशनल हाइवे था जबकि पिछले 9 वर्षों में इसे बढ़ा कर लगभग 9,000 किमी तक पहुंचा दिया गया है। इस पर लगभग 3 लाख करोड़ रुपये का खर्च आया है।** इसके अतिरिक्त सागरमाला प्रोजेक्ट में आंध्र प्रदेश को 85,000 करोड़ रुपये दिए गए हैं। **सिकंदराबाद से विशाखापत्तनम और सिकंदराबाद से तिरुपति, दो वंदे भारत ट्रेन आंध्र प्रदेश को मिला है। लगभग 450 करोड़ रुपये खर्च कर वाइजैग रेलवे स्टेशन को भव्य बनाया गया है। क**डप्पा एयरपोर्ट को पुनर्स्थापित किया गया है। **कुरनूल एयरपोर्ट ऑपरेशनल हो गया है।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने भोगापुरम एयरपोर्ट निर्माण की मंजूरी दे दी है। **काकीनाडा, विशाखापत्तनम, अमरावती और तिरुपति को स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित किया जा रहा है। विशाखापत्तनम और अनंतपुर में दो दो मल्टीपर्पस लॉजिस्टिक पार्क बनाए जा रहे हैं।**

श्री शाह ने कहा कि **प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ने तिरुपति में आईआईटी, विशाखापत्तनम में आईआईएम, मंगलागिरी में एम्स, ताडेपल्लिगूडेम में एनआईटी, स्टील सिटी में ट्रिपल आईआईटी, तिरुपति में सीएसईआर, अनंतपुर में सेन्ट्रल यूनीवर्सिटी, विजयनगरम में ट्राइबल यूनीवर्सिटी, काकीनाडा में इंस्टीच्यूट ऑफ फॉरेन ट्रेड और तीन नए मेडिकल कॉलेज दिए हैं। काकीनाडा में एक बल्क ड्रग पार्क की मंजूरी दी गयी है।**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने आजादी के अमृतकाल में नया संसद भवन देश को समर्पित किया है और उसमें भारतीय संस्कृति और इतिहास की विरासत के प्रतीक सेंगोल को स्थापित किया है। देश की जनता ने 2024 में लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के हाथों में देश की बागडोर सौंपने का मन बना लिया है। मैं आज आंध्र प्रदेश की जनता से विनम्र निवेदन करने आया हूँ कि आप भी आंध्र प्रदेश से 20 से अधिक लोक सभा सीटें भाजपा की झोली में डालिये और देश भर में जारी विकास यात्रा के सहभागी बनिए।**

*****************************